Seventeenth Loksabha

an>

Title: Statement regarding incident that took place in Tawang Sector in Arunachal Pradesh on 9th December,2022.

रक्षा मंत्री (श्री राज नाथ सिंह): माननीय अध्यक्ष जी, मैं इस गरिमामयी सदन को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सैक्टर में हमारी सीमा पर 09 दिसंबर, 2022 को हुई एक घटना के बारे में अवगत कराना चाहूंगा। … (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): 9 तारीख से 13 तारीख हो गई। चार दिन क्यों हो गए? … (व्यवधान)

श्री राज नाथ सिंह : बीच में छुट्टी भी थी। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: स्टेटमेंट के बीच में नहीं बोलते हैं।

… (व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह: 9 दिसंबर, 2022 को पीएलए ट्रूप्स ने तवांग सैक्टर के यांग्त्से एरिया में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर अतिक्रमण कर स्टेटस क्यो को एकतरफा बदलने का प्रयास किया। चाइना के इस प्रयास का हमारी सेना ने दृढ़ता के साथ सामना किया। इस फेस-ऑफ में हाथापाई भी हुई है। भारतीय सेना ने बहादुरी से पीएलए को हमारी टेरिटरी में अतिक्रमण करने से रोका और उन्हें उनकी पोस्ट्स पर वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया। इस झड़प में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोटें भी आई हैं। मैं इस सदन को अवगत करना चाहता हूं कि हमारे किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई है और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। इंडियन मिलिट्री कमांडर्स के टाइमली इंटरवेंशन के कारण पीएलए सोल्जर्स अपनी लोकेशन्स पर वापस चले गए। … (व्यवधान) इस घटना के पश्चात् एरिया के लोकल कमांडर्स ने 11 दिसंबर, 2022 को अपने चाइनीज़ काउंटरपार्ट के साथ स्थापित व्यवस्था के तहत एक फ्लैग मीटिंग की और इस घटना पर चर्चा की। चीनी पक्ष को इस तरह के एक्शन्स के लिए मना किया गया और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए कहा गया। इस मुद्दे को चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया है।… (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सेनाएं हमारी भौमिक अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और इसके खिलाफ भारत की सेना किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सदैव तत्पर है। मुझे विश्वास है कि यह सदन हमारी सेनाओं की वीरता और साहस को एक स्वर से समर्थन देगा।

अध्यक्ष महोदय, मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि यह संसद बिना किसी संशय के भारत की सेना की क्षमता, शौर्य, पराक्रम व प्रतिबद्धता का भी अभिनंदन करेगी। धन्यवाद।… (व्यवधान)

[Placed in Library, See No. LT 7713-A /17/22]

____

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप सभी वरिष्ठ सदस्य हैं। सदन नियम-प्रक्रिया से चलता है और लोक सभा में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कोई नियम-प्रक्रिया नहीं है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है।

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : हम लोगों को बोलने का मौका दिया जाए। देश तो हमारा भी है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप एक चीज रिकॉर्ड में लीजिए।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अधीर रंजन जी, प्लीज आप मेरी एक मिनट बात सुनिए।

… (व्यवधान)

HON. SPEAKER: Please sit down.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : अधीर रंजन जी, प्लीज एक मिनट मेरी बात सुनिए।

… (व्यवधान)

HON. SPEAKER: Mr. Suresh, please sit down.

… (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : मैं सदन से यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमें हमारी सेनाओं की वीरता और साहस पर एक साथ समर्थन करना चाहिए। हमें यह संकल्प लेना चाहिए।

… (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): अध्यक्ष महोदय, आप हमारे समर्थन को रिकॉर्ड में क्यों नही ले रहे हैं?… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन की तरफ से सारी चीजें रिकॉर्ड में आ गई हैं।

… (व्यवधान)

-